- चीन के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता **लियू शियाओबो** का 13 जुलाई 2017 को 61 साल की उम्र में निधन हो गया। लियू को चीन सरकार के मुखर विरोधी के रूप में भी जाना जाता था। चीन सरकार ने उनको रिहा करने और विदेश जाने देने के अंतरराष्ट्रीय आग्रह की उपेक्षा की थी। शियाओबो दूसरे ऐसे नोबेल शांति पुरस्कार विजेता बन गए हैं जिनका हिरासत में निधन हुआ। इससे पहले 1938 में जर्मनी में नाजी शासन के दौरान **कार्ल वोनल ओसीत्जकी** का निधन एक अस्पताल में हुआ था और वह भी हिरासत में थे।
- उत्तर प्रदेश के **गोरखपुर जिले** में एम्स बनाने जाने की घोषणा केंद्र सरकार द्वारा पहले ही की गयी थी। जिसके बाद 13 जुलाई 2017 को राजधानी लखनऊ में गोरखपुर एम्स के सन्दर्भ में केंद्र और राज्य सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का औद्योगिक नीति संवर्धन विभाग ने देश का पहला **प्रौद्योगिकी और नवाचार केंद्र (टीआईएससी)** स्थापित करने के लिए 13 जुलाई 2017 को नई दिल्ली में पंजाब राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के साथ संस्थागत समझौते पर हस्ताक्षर किया। यह केंद्र पंजाब के पेटेंट सूचना केंद्र में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के टीआईएससी कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित किया जाएगा।
- **अमरीकी खाद्य और औषधि प्रशासन** विभाग की एक समिति ने चिकित्सा क्षेत्र में नई शुरुआत की है। समिति ने ऐसी चिकित्सा पद्धति को स्वीकृति देने की सिफारिश की है,जिसमें रोगी की कोशिकाओं को आनुवंशिक रूप परिवर्तित कर **कैंसर** से लड़ने की क्षमता प्राप्त हो जाती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस उपचार से मनुष्य के शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ेगी और कैंसर के निदान में मदद मिलेगी।
- भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के एक दल ने आकाशगंगाओं का एक बहुत बड़ा समूह खोजा है, जिसका आकार अरबों सूर्यों के बराबर है। इसका नाम **सरस्वती** रखा गया है।
- नीति आयोग के उपाध्यक्ष **अरविंद पनगढ़िया** की अध्यक्षता वाले कार्यबल ने भारत के रोजगार संबंधी आंकड़ों में सुधार के लिए **जीएसटीएन** डेटा के व्यापक इस्तेमाल का सुझाव दिया है। इसके साथ ही कार्यबल ने नियमित सर्वेक्षण व समर्पित केंद्रीय इकाई बनाने का सुझाव दिया है।
- वरिष्ठ नौकरशाह **सुभाष चंद्र गर्ग** ने आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। यह विभाग वित्त मंत्रालय के तहत कार्य करता है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की हुई बैठक में **वाराणसी में राष्ट्रीय बीज अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र (एनएसआरटीसी)** परिसर में **अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई)** का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केन्द्र (अाईएसएआरसी) स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत वाराणसी में चावल में मूल्य संवर्द्धन के लिए एक उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है। इसमें एक आधुनिक प्रयोगशाला भी होगी जिसमें चावल और पुआल में भारी घातुओं की गुणवत्ता और स्तर का पता लगाने की क्षमता होगी ।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने **मणिपुर** में 1630.29 करोड़ रुपये की लागत से एनएच-39 के 65 किलोमीटर लंबे **इम्फाल-मोरेह** सेक्शन को उन्नत तथा चौड़ा बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी दी है। मणिपुर चारों तरफ से जमीन से घिरा राज्य है और इसका 90 प्रतिशत हिस्सा दुर्गम क्षेत्र है। इसलिए राज्य की प्रगति और अलग-थलग

पड़ी तथा दूरदराज की आबादी तक प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सड़क संरचना संपर्क में सुधार सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एनएच-52 के शोलापुर-बीजापुर प्रखंड को चार लेन करने को अपनी मंजूरी दे दी। करीब 110 किमी के इस प्रखंड को 4 लेन का करने के लिए 1889 करोड़ रुपये की लागत आयेगी जिसमें जमीन अधिग्रहण में आने वाला खर्च भी शामिल है। यह प्रखंड भीड़भाड़ वाले सोलापुर, ताकली, नंदनी महाराष्ट्र और जालकी, होर्ती व बीजापुर कर्नाटक से होकर गुजरता है। इस मार्ग पर 6 फ्लाइओवर व सोलापुर, बीजापुर में बायपास बनाया जाएगा।
- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान **मिताली राज** ने वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने अपने वनडे करियर में 6000 रन पूरे किए। इससे पहले एकदिवसीय मैचों में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड की शेर्लोट एडवर्ड्स के पास था। शेर्लोट एडवर्ड्स ने 5992 रन 191 मैचों में खेलकर बनाए थे, जबकि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने 182 मैच खेलकर यह इतिहास रचा।
- माल्टा की संसद ने “पति” और “पत्नी” जैसे शब्दों के स्थान पर लिंग-तटस्थ विकल्प **“जीवनसाथी”** के इस्तेमाल करने की मंजूरी देने के साथ ही माल्टा के विवाह अधिनियम में संशोधन करने के लिए सहमति व्यक्त की। माल्टा एक यूरोपीय देश है जिसकी राजधानी वेल्लेटा है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की स्वदेशी तरीके से विकसित **एस बैंड डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर)** को पश्चिम **कोच्चि (केरल)** के पल्लुरुथी में कमीशन किया गया। यह **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीएचईएल)** द्वारा निर्मित किया गया है जो इसरो द्वारा प्रदान की गई स्वदेशी तकनीक पर आधारित है।
- **हरियाणा** की गौशालाओं में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) पद्धति के तहत बॉयो-गैस प्लांट स्थापित होंगे। हरियाणा राज्य गौशाला आयोग ने राज्य की सभी 437 गौशालाओं में ये प्लांट लगाने का निर्णय लिया है। इसके लिए अक्षय उर्जा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया। विभाग ने पहले चरण में राज्य की 53 गौशालाओं को प्लांट लगाने के लिए चिह्नित किया है।
- अनिल कुंबले द्वारा कोच पद से इस्तीफा देने के बाद सीएसी ने **रवि शास्त्री** को भारतीय टीम का नया कोच नियुक्त कर दिया है। रवि शास्त्री के साथ 2019 तक अनुबंध किया गया है। रवि शास्त्री इससे पहले 2014-2016 तक टीम के निदेशक रह चुके हैं।
- धार्मिक संस्थानों द्वारा श्रद्धालुओं को खिलाए जाने वाले मुफ्त भोजन (प्रसाद) पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) नहीं वसूला जाएगा, लेकिन इसमें लगने वाली सामग्रियों जैसे चीनी, तेल, घी आदि पर जीएसटी लगेगा। इसके अलावा धार्मिक स्थलों जैसे **मंदिरों, मस्जिदों, चर्चों, गुरुद्वारों, दरगाह में दिए जाने वाले प्रसादम पर सीजीएसटी और एसजीएसटी अथवा आईजीएसटी, जो भी लागू हो, शून्य है।**
- उत्तर प्रदेश के **वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल** ने वित्त वर्ष 2017-18 के लिये 11 जुलाई 2017 को विधानसभा में वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। इसमें भाजपा की बहुप्रचारित किसान कर्जमाफी के

लिये 36 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में 10 प्रतिशत की विकास दर प्राप्त करना है। बजट में शामिल विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि बजट में **'मेक इन यूपी'** को बढ़ावा देने तथा **'पॉवर फॉर ऑल'** एवं डिजिटल इंडिया को आगे बढ़ाने के उद्देश्यों को शामिल किया गया है।

- राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों को खत्म कर बड़ा राज्य स्तरीय सहकारी बैंक बनाने का निर्णय लिया गया है। जिला सहकारी बैंकों को अपेक्स बैंक में विलय कर उसकी शाखा बनाया जाएगा। सहकारी बैंकों का 90 फीसदी पैसा किसानों को कृषि ऋण देने में लगता है। राज्य सरकार के निर्णय के बाद अब छोटे-छोटे जिला सहकारी बैंकों का राज्य सहकारी बैंक में विलय हो जाएगा। सहकारी बैेंकों को प्रदेश में स्थित 264 शाखाएं पहले की तरह काम करती रहेंगी लेकिन यह शाखाएं अब **शेड्यूल्ड सहकारी बैंक** के रूप में सेवाएं देंगी।
- बाजार नियामक सेबी ने **अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं के केंद्र (आईएफएससी)** पर काम करने के इच्छुक विदेशी निवेशकों के लिए दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। एक आईएफएससी गुजरात में काम कर रहा है।
- **तेलंगाना सरकार** ने ऑनलाइन रमी कार्ड गेम की वजह से पैदा होने वाली सामाजिक बुराइयों से निपटने के लिए एक अध्यादेश जारी किया है। तेलंगाना गेमिंग अधिनियम, 1974 के प्रावधानों में कुछ बदलाव कर तेलंगाना गेमिंग (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2017 जारी किया है।
- संस्कृति मंत्रालय, विश्व थियेटर ओलंपिक का आयोजन करेगा, जिसमें 50 से अधिक देशों को विभिन्न थियेटर रूपों का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। प्रतिष्ठित नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा संस्कृति मंत्रालय की ओर से विश्व थियेटर ओलंपिक का प्रमुख प्रबंधकर्ता होगा।
- भारतीय रेल संगठन- **वैकल्पिक ईंधन (आईआरओएफ)** को डेमू सवारी रेलों में **जैव ईंधन (डीजल)** के स्थान पर सीएनजी इस्तेमाल करने के लिए 2017 के **गोल्डेन पीपॉक पुरस्कार (पर्यावरण नवाचार)**प्रदान किया गया। पूरे विश्व में सवारी रेलों में सीएनजी का पहली बार इस्तेमाल किया गया है।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोलकाता में **रक्ताधान (ट्रांसफ्यूजन)** चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र स्थापित करने में पश्चिम बंगाल सरकार को सहयोग देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। भारत सरकार ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए उपकरण, कर्मचारियों और संचालन लागत के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है। इस पहल के लिए राज्य सरकार निःशुल्क भूमि उपलब्ध करवाएगी। इस कदम का उद्देश्य राज्य और आसपास के क्षेत्रों में रक्ताधान सेवाओं को सुदृढ़ करना है।
- वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 10 जुलाई 2017 को टैक्स भरने वालों के लिए **'आयकर सेतु'** ई-प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। ये आयकर विभाग की पहल है। इसे करदाताओं के साथ सीधे संपर्क करने और जरुरी कर सेवाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराने के लिए शुरू किया गया है। इसके डेस्कटॉप वर्जन के साथ ही एंड्रायड एप भी जारी किया गया, ताकि मोबाइल पर इसे देखने का अनुभव भी बेहतर है। इस पर करदाताओं को आयकर से संबंधित सभी तरह के बदलाव और महत्वपूर्ण तारीखों, फार्म और अधिसूचना की जानकारी मिलेगी।

- **केरल** सरकार राज्य में सड़कों से कुत्तों को हटाने के लिए **"आवारा कुत्तों के लिए चिड़ियाघर"** निर्मित करने की योजना बना रही है। राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा की अगुवाई वाली सर्वोच्च न्यायालय की पीठ को बताया कि उसने सभी जिला पंचायतों से कहा था कि वे दो से तीन एकड़ भूमि को 'आवारा कुत्ते के चिड़ियाघर' के रूप में अलग करें।
- धार्मिक रूप से पवित्र माने जाने वाले जापान के **ओकिनोशिमा द्वीप को यूनेस्को ने विश्व धरोहर** घोषित किया है। इस द्वीप पर सिर्फ पुरुषों को प्रवेश की इजाजत है यानी महिलाओं को यहां जाने की अनुमति नहीं है। यही नहीं, इस पर आने वाले पुरुषों को समुद्र तट पर जाने से पहले अपने पूरे कपड़े उतारने पड़ते हैं। दक्षिण-पश्चिम क्यूशू द्वीप और कोरियाई प्रायद्वीप ओकिनोशिमा के बीच स्थित यह द्वीप चौथी शताब्दी तक समुद्री सुरक्षा के लिए प्रार्थना स्थल और चीन व कोरिया के बीच संबंधों का केंद्र था। इस सूची में अब जापान के सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है।
- अमेरिका की दिग्गज **ई कॉमर्स कंपनी अमेजन** के भारत में फूड प्रोडक्ट की रिटेल बिक्री में **50 करोड़ डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश** प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है।
- किसी कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को बिना किसी अनुबंध के अगर **50,000 रुपये** से अधिक का उपहार प्रदान किया जाता है तो उस पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत कर चुकाना होगा। 50,000 रुपये तक के उपहार पर जीएसटी नहीं लगेगा।
- **व्हाट्सएप** को **नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानी एनपीसीआई** की तरफ से पेमेंट और मनी ट्रांसफर के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई के इस्तेमाल की अनुमति मिल गई है। ऐसे में अब यूजर्स के लिए एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट में फंड ट्रांसफर करना आसान हो जाएगा।
- भारतीय खगोलविदों ने **'विशालकाय रेडियो आकाशगंगाओं'** की खोज की है। पुणे के इंटर-युनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए) में प्रतीक दभाडे की अगुवाई में खगोलविदों ने पच्चीस नई 'विशालकाय रेडियो आकाशगंगाओं' (जीआरजी) की खोज के साथ वैश्विक खगोल समुदाय को आश्चर्यचकित किया है।
- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जून को समाप्त सप्ताह में 4.007 अरब डॉलर बढ़कर **386.53 अरब डॉलर** की नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि इस वृद्धि का कारण विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में बढ़ोतरी होना है।
- सरकार ने **विमान, विमान के इंजन और पट्टे पर प्राप्त किए गए भागों के आयात को वस्तु और सेवा कर (जीएसटी)** के दायरे से छूट दी है। विमानन उद्योग जीएसटी से राहत मांग रहा था क्योंकि इसे आयात के समय 5 प्रतिशत की दोहरी लेवी का सामना करना पड़ रहा था और पट्टे के किराया के भुगतान के समय 5 प्रतिशत की दर का सामना करना पड़ रहा था।
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने रेडियो प्रसारण **'रमन के गोठ'** में कहा कि इस वर्ष 20 जुलाई तक प्रदेश में 8 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्यक्रम **हरियर छत्तीसगढ़ योजना** के तहत आयोजित किया जाएगा।

- ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान फिल्म **'वॉयसरायज हाउस'** में बेहतरीन संगीत देने के लिए **वर्ल्ड साउंड ट्रैक अवार्ड** के लिए चुना गया है। यह लोगों की पसंद के आधार पर दिया जाने वाला पब्लिक च्वाइस अवार्ड है।
- सम्पूर्ण जीवन गरीबों और वंचितों की सेवा में समर्पित करने वाली महान **संत मदर टेरेसा** की नीली बार्डर वाली सफेद साड़ी **'मिशनरीज आर्फ चैरिटी'** की बौद्धिक संपदा है, जिसका खुलासा अब एक साल बाद किया गया है। भारत सरकार के ट्रेडमार्क पंजीकरण कार्यालय ने मिशनरीज ऑफ चैरिटी को इसकी अनुमति चार सितम्बर 2016 को ही दे दी थी, जिस दिन वेटिकन ने मदर को संत की उपाधि देने की घोषणा की थी।